3rd ‘स्लम युवा दौड़’

संदर्भ

खेल मंत्री विजय गोयल ने रविवार को दिल्ली के स्लम क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं के बीच ‘खेल संस्कृति’ को बढ़ावा देने के लिये तीसरे स्लम युवा दौड़ का आयोजन किया।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- स्लम युवा दौड़ खेल मंत्रालय और नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा शुरू की गई ‘स्लम अपनाओ अभियान’ (Adopt Slum Campaign) का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जनता के बीच सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाना है।
- लगभग 5,000 से ज़्यादा युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया|
- मंत्री ने कहा कि एक नया भारत जहाँ प्रत्येक युवा सक्षम है और खेल एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें हमें सबसे आगे और शक्तिशाली होना चाहिये।
- युवाओं से पेड़ लगाने का आग्रह किया और हरित एवं सुरक्षित भविष्य के लिये पर्यावरण का ध्यान रखने को कहा गया।
- मंत्री ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से भविष्य में खेल जगत में अच्छे खिलाडियों (sports-stars) के सृजन में मदद मिलती है।
- युवाओं को यह सन्देश दिया कि उन्हें भारत को एक ‘नया भारत’ (New India) बनाने के लिये ‘एक भारत श्रेष्ठ भारत’ के मार्ग को अपनाना चाहिये।
- कुल 11 ‘स्लम युवा दौड़ ’ की योजना बनाई गई है, जिसमें से 3 पहले ही बड़े पैमाने पर भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/third-slum-yuva-daud-in-india